# माता शेरावाली आए है सवाली

माता शेरावाली आए है सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली,
मन की मुरादें पूरी कर दे,
आशाओं से सब की झोलियाँ भर दे,
माता शेरोवाली आए हैं सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली।।

माँ तू ममता का सागर,
बांटे तू दया के मोती -2
मन का अंधकार मिटा दे,
तेरे नाम की जगमग ज्योति,
तेरे नाम की जगमग ज्योति,
तेरे हाथ में सौंप दी मैंने,
जीवन की पतवार,
तू खिवैया बन के मैया,
इसे लगा दे पार,
मन की मुरादें पूरी कर दे,
आशाओं से सब की झोलियाँ भर दे,
माता शेरोवाली आए हैं सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली।।

डेरा कब से तेरे दर डाला,
जपते तेरे नाम की माला -2
तूने बहुत दिनों तक टाला,
नही 'सरल' यूँ जाने वाला,
नही 'सरल' यूँ जाने वाला,
ना जाने कितनो के तूने,
बिगड़े भाग्य सँवारे,
तेरा नाम पुकारे कब से,
जन्मों के दुखियारे,
मन की मुरादें पूरी कर दे,
आशाओं से सब की झोलियाँ भर दे,
माता शेरोवाली आए हैं सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली।।

तेरा द्वारा है सबसे न्यारा,
गाए महिमा तेरी जग सारा -2
तूने पल में ना देर लगाई,
तुझे जब जब मन से पुकारा,

तुझे जब जब मन से पुकारा,
जय जय अम्बे जय जगदम्बे,
जय माँ शेरोवाली,
पतझड़ से इस जीवन में,
आएगी कब हरियाली,
मन की मुरादें पूरी कर दे,
आशाओं से सब की झोलियाँ भर दे,
माता शेरोवाली आए हैं सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली।।

मैंने किये जो तुझ से वादे,
कब होंगे वो पुरे बता दे,
तेरे चरणों को छु के मैं आया,
मेरे सोए भाग्य जगा दे,
मेरे सोए भाग्य जगा दे,
जो सोची है मन में मैंने,
बात वो पूरी कर दे,
जो मंजिल से रोके मुझको,
दूर वो दुरी कर दे,
मन की मुरादे पूरी कर दे,
आशाओं से सब की झोलियाँ भर दे,
माता शेरोवाली आए हैं सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली।।

माता शेरावाली आए है सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली,
मन की मुरादें पूरी कर दे,
आशाओं से सब की झोलियाँ भर दे,
माता शेरोवाली आए हैं सवाली,
जिद पे खड़े है जाएंगे ना खाली।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22986/title/mata-sherawali-aaye-hai-swaali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |